C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 5:12 बजे




सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 6:51 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 166 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 24 दिसंबर 2024

अनिल कपूर के जन्मदिन पर ...पेज-3 पर

# क्रिसमस, थर्टी फर्स्ट व नूतन वर्ष के जश्न को 70 फीसदी बुकिंग

## नगर में विद्युत लाइट से पूरे नगर को आकर्षक ढंग से सजाने की कवायद

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सरोवर नगरी नैनीताल में क्रिसमस, थर्टी फर्स्ट व नूतन वर्ष 2025 हेतु नगर के विभिन्न होटल में 70 फीसदी तक बुकिंग हो चुकी है।

दूसरी ओर नववर्ष के मद्देनजर नैनीताल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन द्वारा नगर में विद्युत लाइट से पूरे नगर को आकर्षक ढंग से सजाने की कवायद की जा रही है वहीं क्रिसमस पर नगर के विभिन्न गिरिजाघरों को भी विद्युत मालाओं से सजाया जाएगा,इतना ही नहीं



गिरिजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाएं भी होगी।

बता दें कि थर्टी फर्स्ट व नूतन वर्ष 2025 को लेकर नगर के विभिन्न होटलों में मेहमान पर्यटकों के लिए विशेष तैयारी भी की जा रही हैं। हर वर्ष नववर्ष मनाने के लिए यहां सैलानियों की भीड़ रहती है, पुलिस प्रशासन ने भी तैयारी शुरू कर दी हैं।

नगर में होटल पैक होने के बाद पुलिस द्वारा वाहनों को रूसी बाईपास में ही रोक दिया जाएगा जबकि दोपहियां वाहनों की नगर में एंट्री नहीं होगी। दूसरी ओर नगर के कुछ होटल में थर्टी फर्स्ट के लिए विशेष तैयारी की जा रही है ताकि सैलानी नव वर्ष का जश्न मना सके

नैनीताल होटल एंड रैस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने बताया कि थर्टी फर्स्ट के दिन नगर की माल रोड में जगह-जगह पर हीटर लगाए जाएंगे, इसके अतिरिक्त नगर को विद्युत मालाओं से सजाया जाएगा।

उन्होंने बताया इस वर्ष नगर की ठंडी रोड में भी बिजली की मालाए लगाई जाएगी वहीं पालिका द्वारा भी विशेष तैयारी की जा रही हैं, पालिका द्वारा नगर के विभिन्न चौराहों पर नियमित के साथ ही अतिरिक्त अलाव जलाने की व्यवस्था की जा रही है।

## News कॉर्नर

### सट्टा कारोबार में संलिप्त दो आरोपी गिरफ्तार

**हल्द्वान।** थाना बनभूलपुरा पुलिस ने सट्टा कारोबार में संलिप्त दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके पास से सट्टा पर्ची, पैन, गत्ता और नगदी बरामद की। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ धारा 13 जी-एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पहली घटना में, पुलिस ने सूचना मिलने पर काठगोदाम के मोनू सागर निवासी गांधी नगर, को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, मोनू सागर इन्द्रानगर रेलवे फाटक के पास एक चबूतरे पर बैठा था और सट्टा कारोबार कर रहा था। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे पकड़ा और तलाशी ली। उसके पास से सट्टा पर्ची, पैन, गत्ता और 1330 रुपये की नगदी बरामद हुई। वहीं, इन्द्रानगर पुलिस चेक पोस्ट के पास संदिग्ध अवस्था में खड़े एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान मौ. फारमान निवासी बरसाती, इन्द्रानगर के रूप में हुई। जब पुलिस ने उसकी तलाशी ली, तो उसके पास से सट्टा पर्ची, गत्ता और 1180 रुपये की नगदी बरामद हुई। पुलिस ने दोनों के खिलाफ गैंबलिंग एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

### अल्लू अर्जुन घर के लिए निकले, चिकडपल्ली थाने में 3 घंटे तक चली पूछताछ

**दिल्ली।** हैदराबाद के संध्या थिएटर में 4 दिसंबर को फिल्म पुष्पा 2 की स्क्रीनिंग के दौरान मची भगदड़ मामले में अल्लू अर्जुन से आज हैदराबाद पुलिस पूछताछ करेगी। पूछताछ के लिए एक्टर घर से रवाना हो चुके हैं। कुछ देर में वे पुलिस के सामने पेश होंगे। हैदराबाद के चिक्कड़पल्ली पुलिस स्टेशन में पूछताछ के बाद अभिनेता अल्लू अर्जुन अब वापस लौट आए हैं। पुलिस स्टेशन से बाहर आते हुए अभिनेता का एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में उन्हें काले रंग की कार से वापस जाते हुए देखा जा सकता है। अभिनेता से यह पूछताछ लगभग तीन घंटे तक चली। अभिनेता अल्लू अर्जुन की कानूनी टीम हैदराबाद के आरटीसी एक्स रोड स्थित संध्या थिएटर पहुंची, जहां पुष्पा 2 के प्रीमियर शो के दौरान भगदड़ की घटना हुई थी।

## बुजुर्गों को मिला संजीवनी योजना का कवच

# अरविंद केजरीवाल का एक और बड़ा चुनावी ऐलान

**नई दिल्ली**

**एजेंसी**

दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आज पानी को लेकर एक बड़ा एलान किया है। इससे पहले केजरीवाल महिला योजना, संजीवनी योजना, ऑटोवालों के लिए गारंटी और छात्रों के लिए स्कॉरशिप का एलान कर चुके हैं।

दिल्ली में विधानसभा चुनाव नजदीक हैं। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल लगातार दिल्ली के लोगों के लिए बड़ी-बड़ी चुनावी घोषणाएं कर रहे हैं। एक बार फिर अरविंद केजरील ने एक और चुनावी वादा किया है। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में हम 24 घंटे साफ पानी देंगे। प्लांट लगाकर अमोनिया को हटाएंगे। वहीं ढाई हजार ट्यूबवेल लगाएंगे।

बीते मंगलवार को दिल्ली में अरविंद केजरीवाल ने महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिए। मुख्यमंत्री आतिशी और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को पूर्वी किदवई नगर से महिला सम्मान राशि योजना के लिए पंजीकरण का आगाज किया। योजना में महिलाओं को



2,100 रुपये प्रतिमाह दिए जाएंगे। इसी तरह, 60 साल से ऊपर के बुजुर्गों के मुफ्त इलाज की संजीवनी योजना के रजिस्ट्रेशन भी जंगपुरा से शुरू हो गए। आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले दलित समाज के लिए बड़ी घोषणा की। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने डॉ. आंबेडकर सम्मान स्कॉलरशिप योजना का एलान किया था। इससे पहले भी आप कई लोकलुभावन योजना की घोषणा कर चुकी है। जिसमें बुजुर्गों के लिए संजीवनी योजना और ऑटोवालों को पांच बड़ी गारंटी, महिला सम्मान योजना आदि शामिल हैं। संजीवनी योजना के तहत पंजीकरण कराने वाले बुजुर्गों को मुफ्त इलाज कराने का एक और सुरक्षा कवच मिल गया है। पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और मुख्यमंत्री आतिशी के साथ आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने जंगपुरा विधानसभा में बुजुर्गों का पंजीकरण कर इसकी शुरुआत की। केजरीवाल ने कहा कि संजीवनी योजना के तहत 60 साल से ऊपर के बुजुर्गों के इलाज का सारा खर्चा दिल्ली सरकार उठाएगी।

# जमीन के विवाद में कलेक्ट्रेट परिसर में पिता पुत्र पर हमला

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

**हमला**

- अपनी जान बचाने को किया पथराव, सुरक्षा कर्मियों के पहुंचने पर फरार हुए हमलावर

जमीन के विवाद की सुनवाई को कलेक्ट्रेट एसडीएम कोर्ट पहुंचे दुर्गापुर कोलावरी निवासी पिता पुत्र पर स्कार्पियों में सवार लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमलें दोनों घायल हो गए। इस पर पिता पुत्र ने भी अपनी जान बचाने को उन पर ईंट से हमला किया।जिससे मौके पर अफरातफरी मच गई।कलेक्ट्रेट परिसर में मौजूद सुरक्षा कर्मी पहुंचे तो आरोपी फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी ली और घायलों का जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के मुताबिक दुर्गापुर कोलावरी निवासी हरनाम सिंह का अपने बड़े भाई से पुश्तैनी जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। सोमवार को जमीन के विवाद की सुनवाई एसडीएम कोर्ट में होनी थी। इसके लिए हरनाम सिंह अपने बेटे बलजीत सिंह के साथ कलेक्ट्रेट एसडीएम कोर्ट में आया हुआ था। दोपहर में सुनवाई के बाद दोनों पिता पुत्र बाहर निकले तो स्कार्पियो सवार दो-तीन लोग उसमें से उतरे। आरोप है कि इस दौरान उन्होंने पिता पुत्र पर हमला कर दिया। जिस पर पिता पुत्र ने अपने बचाव में हमला करने वालों पर ईंट से हमला कर दिया। दिनदहाड़े कलक्ट्रेट में हुए इस घटना से लोगों में हड़कंप मच गया। वहां मौजूद सुरक्षा कर्मी मौके पर पहुंचे तो स्कार्पियो सवार फरार हो गए। इस पर किसी ने सूचना पुलिस को दी। सूचना पर थाना प्रभारी पंतनगर सुंदरम शर्मा पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और जानकारी ली। इस दौरान घायल हरनाम सिंह ने बताया कि हमलावर उसका बड़ा भाई है। बाद में पुलिस ने घायल बाप-बेटे का जिला अस्पताल में उपचार कराया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# रुद्रपुर में छत पर टहल रहा व्यक्ति नीचे गिरा, मौत

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

**घटना**

- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा

चौकी क्षेत्र में खाना खाकर छत पर टहल रहे व्यक्ति नीचे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसने दम तोड दिया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया। सुबह को पुलिस ने शव को पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम को भेजा है। जानकारी के मुताबिक केमरी रामपुर निवासी 38 वर्षीय रामवीर पुत्र लाखन सिंह यहां भूतबंगला में परिवार के साथ किराए पर रहते थे। सोमवार की खाना खाकर छत पर टहलने गये। इसी बीच वह छत से नीचे गिर गये और घायल हो गए। परिवार के लोग उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां रामवीर ने दम तोड दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया। मंगलवार सुबह चौकी प्रभारी रम्पुरा गणेश दत्त भट्ट पहुंचे। उन्होंने शव को पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गांव से परिवार के लोग भी पहुंच गए। पुलिस के मुताबिक मृतक सिडकुल की किसी कंपनी में काम करता था। मृतक के तीन बच्चे हैं।

# बर्फ की चादर से सफेद हुई पहाड़ियां, शीतलहर से कांपे लोग

**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

क्रिसमस के त्योहार और नए साल से पहले अचानक बदले मौसम से उत्तराखंड में ठंड बढ़ गई है। पर्वतीय जिलों में हुई बर्फबारी व बारिश से मैदानी इलाकों में चली शीतलहर ने ठिठुरन बढ़ा दी। वहीं बर्फबारी के बाद पहाड़ की वादियां बेहद खूबसूरत नजर आई। गढ़वाल मंडल के मैदान से लेकर पहाड़ी क्षेत्रों में मौसम का मिजाज बदला। सोमवार को दिनभर आसमान में बादल छाए रहे, जबकि ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सीजन की दूसरी बर्फबारी हुई। मैदानी क्षेत्रों में कहीं-कहीं हल्की बारिश की फुहारे भी गिरी।

चमोली, रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी और टिहरी के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में खूब बर्फबारी हुई। जबकि देहरादून जनपद



के चकराता और मसूरी में भी सीजन का दूसरा हिमपात हुआ। इससे पहाड़ से लेकर मैदान तक शीतलहर चलने से कड़ाके की ठंड पड़ रही है।

क्रिसमस के त्योहार और नए साल से पहले अचानक बदलो मौसम से उत्तराखंड में ठंड बढ़ गई है। सोमवार को प्रदेश के पर्वतीय जिलों में हुई बर्फबारी व बारिश से मैदानी इलाकों में चली शीतलहर ने ठिठुरन बढ़ा दी। जबकि मैदानी इलाकों में हुई बूंदाबांदी से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। बदरीनाथ धाम, हेमकुंड साहिब, रुद्रनाथ, फूलों की घाटी, लाल माटी, नंदा घुंघटी की चोटियों के साथ ही नीती और माणा घाटी में बर्फबारी हुई। थराली के बुग्यालों भी हिमपात हुआ है। बदरीनाथ में न्यूनतम तापमान -8 और अधिकतम -3 डिग्री रहा। नीति घाटी में अधिकतम -11 और न्यूनतम -6 डिग्री दर्ज किया। हिमालय की पर्वत श्रृंखलाओं के साथ ही केदारनाथ, वासुकीताल, चोराबाड़ी और दुग्ध गंगा की ऊपरी पहाड़ियों पर बर्फबारी हुई। इसके अलावा द्वितीय केदार मद्महेश्वर, तृतीय केदार तुंगनाथ, चंद्रशिला और पर्यटक स्थल चोपता में भी हल्की बर्फबारी हुई है। केदारनाथ धाम में अधिकतम तापमान -8 डिग्री, जबकि न्यूनतम तापमान -11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। टिहरी जिले के पर्यटन नगरी धनोल्टी, काणाताल, सुरकंडा, बुरांशखंडा, नागटिब्बा और अन्य ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सोमवार दोपहर को सीजन की दूसरी बर्फबारी हुई है। हालांकि बर्फ ज्यादा देर टिक नहीं पाई। सोमवार को टिहरी का अधिकतम तापमान 9 डिग्री और न्यूनतम तापमान 1 डिग्री दर्ज किया गया।

# पुलिस ने दो शातिर साईबर अपराधियों को गिरफ्तार किया, एक संदिग्ध हिरासत में

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

जनपद में साईबर ठगी के बढ़ते मामलों पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो शातिर साईबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। दोनों को कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया। एसएसपी मणिकांत मिश्रा के निर्देशन में हुई इस कार्रवाई में आरोपी मोहम्मद सईम और शारिक खान को पकड़कर उनके खातों में करोड़ों रुपये के संदिग्ध लेनदेन का खुलासा हुआ है। दोनों आरोपियों ने खुद को व्यापारिक प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर बताकर फर्जी खातों के माध्यम से ठगी का पैसा जमा किया था।

एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि सूचना मिली थी कि दो खातों से करोड़ों का ट्रांजेक्शन हो रहा है। इसकी जांच में पुष्टि होने के बाद पुलिस ने काशीपुर बाइपास रोड स्थित केनरा बैंक शाखा के वरिष्ठ प्रबंधक योगेश शर्मा की तहरीर पर दो खाता धारक भूतबंगला निवासी बेरोजगार युवक मोहम्मद सईम पुत्र सलीम और सीरगोटिया निवासी कबाड़ी शारिक खान पुत्र ताहिर खान पर प्राथमिकी पंजीकृत की थी। सईम के खोले गए खाते में छह दिन में 3977 ट्रांजेक्शन हुए थे, जिसमें 44256542 रुपये का लेनदेन किया गया था। जबकि शारिक खान के नाम खोले गए खाते में दो दिन में 88230 बार ट्रांजेक्शन में 288085712 रुपये का लेनदेन हुआ था। उन्होंने बताया कि इस दौरान पता चला कि मामला साईबर अपराध से जुड़ा है। दोनों खातों में 33 करोड़ से अधिक रुपये के ट्रांजेक्शन हुए हैं, उनमें 37 लोगों से ठगी की पुष्टि हुई थी। जिन्होंने एनसीआरपी पोर्टल 1930 में शिकायत दर्ज कराई थी। इस पर पुलिस ने खाता धारक कबाड़ी शारिक खान और सईम को गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ में दोनों ने बताया कि उन्हें भूतबंगला निवासी कबाड़ी आलम पुत्र सलीम ने बगवाड़ा रुद्रपुर निवासी गुरविंदर चीमा पुत्र इंदरजीत सिंह से मिलवाया था। उसने ही 50-50 हजार रुपये देकर उनसे खाते खुलवाए थे। साईबर ठगी की मोटी रकम उनके नाम खोले गए खातों के माध्यम से ठिकाने लगाए गए थे। इस पर पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। एसएसपी ने बताया कि कबाड़ी आलम को भी पुलिस ने पूछताछ को हिरासत में लिया है।गुरविंदर चीमा की तलाश शुरू कर दी है। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि आलम से पूछताछ की जा रही है।

## साइबर ठगी का शिकार हुआ युवक

**हल्द्वानी।** एक युवक ने साइबर ठगी का शिकार होने की शिकायत काठगोदाम थाने दर्ज कराई है। दीपक पांडे निवासी शीशमहल ने बताया कि वह एक ऑनलाइन एप के जरिए धोखाधड़ी का शिकार हुआ, जिससे उसके बैंक खाते से कुल 2,10,931 रुपये की नगदी धोखाधड़ी कर निकाल ली गई। दीपक पांडे ने बताया कि 3 अप्रैल को उसके दोस्त ने उसे एलजी लाइफ गुड नामक एप के बारे में बताया, जिसे उसने डाउनलोड किया। इसके बाद उसके बैंक खाते से लगातार पैसे कटते गए। पहला ट्रांजेक्शन 50,000 रुपये का 3 अप्रैल को, दूसरा 60,500 रुपये का 4 अप्रैल को, तीसरा 2,247 रुपये का 6 अप्रैल को और चौथा 12,959 रुपये का हुआ। इसके बाद पांचवां ट्रांजेक्शन 64,225 रुपये का और छठा ट्रांजेक्शन 21,000 रुपये का 9 अप्रैल 2024 को हुआ।

इस प्रकार, कुल मिलाकर दीपक के खाते से 2 लाख 10 हजार 931 रुपये की राशि कट गई। जब उसने यह महसूस किया, तो उसने तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। हेल्पलाइन ने शिकायत संख्या 33504240006117 के तहत 87,400 रुपये को होल्ड कर दिया। दीपक ने यह भी बताया कि घटना के समय उसके बैंक का खाता संख्या 49250100002272, बैंक ऑफ बड़ौदा, काठगोदाम शाखा में था। दीपक पांडे ने थाना काठगोदाम में तहरीर देकर रकम वापस लौटाने की गुहार लगाई है।

## NEWS / फटाफट

### भारतीय वन अधिकारी संघ का अधिवेशन व चुनाव संपन्न

**दिल्ली/नैनीताल।** वन विज्ञान भवन नई दिल्ली में अखिल भारतीय वन अधिकारी संघ का अधिवेशन व चुनाव संपन्न हुआ जिसमें सर्वसम्मति से निर्विरोध रणजीत सिंह थापा वन दरोगा नैनीताल वन विभाग नैनीताल को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बता दें कि रविवार को दिल्ली में आयोजित इस अखिल भारतीय स्तर पर हुए इस चुनाव में 19 राज्यों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। नव नियुक्त उपाध्यक्ष रणजीत सिंह थापा ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है उसका वह पूरी निष्ठा से निर्वहन करते हुए कर्मचारियों की मांगों को पूरी करवाने में सभी कर्मचारियों को साथ लेकर संघर्ष करेंगे,थापा के मुताबिक 19 राज्यों के सभी प्रतिनिधियों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

### नियमितीकरण को 171वें भी दिन भी जारी पौधरोपण आंदोलन

**नैनीताल ।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 शीघ्र जारी करने को लेकर चलाया जा रहा राज्य में अनूठा पर्यावरण संरक्षण के तहत पौधरोपण आंदोलन सोमवार को 171वें भी दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरु रानी के नेतृत्व में सोमवार को पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ के कर्मचारियों के द्वारा मां हिंगला देवी वाटिका मैं विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। उन्होंने कहा कि 3 जुलाई से चले इस अनोखे पौधारोपण आंदोलन में जहां विभिन्न चरणों में कुमाऊं मंडल व गढ़वाल मंडल विकास निगम की इकाइयों के परिसर में पौधों का रोपण किया गया। वृहद स्तर पर सफाई अभियान चलाया गया ।निगम हित व राज्यहित में कार्य करते हुए अपने कार्यक्रमों व भावनाओं को विभिन्न माध्यमों से मुख्यमंत्री तक अपनी भावनाओं को ज्ञापन के माध्यम से पहुंचाया गया। अब तक 33000 से ज्यादा पौधों का रोपण किया जा चुका है। कार्यक्रम में शेर सिंह, हर सिंह, शोभाराम, पदम सिंह, वेद प्रकाश, महेश कुमार, सौरभ खोलिया, नरेंद्र थापा, दीपक, राजेंद्र तथा नरेंद्र सिंह सहित निगम कर्मचारी उपस्थित रहे।




## राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर आयोजित

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर के द्वितीय दिवस सोमवार को दिनचर्या का प्रारम्भ व्यायाम व ईश वंदना से तथा लक्ष्य गीत से हुआ।

इसके बाद एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी मीनाक्षी बिष्ट के दिशा निर्देशन में स्वयंसेवकों ने शेरवानी क्षेत्र में श्रमदान किया, उसके उपरांत स्वयंसेवकों के द्वारा लोक संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कुमाऊँ विश्व विद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डी. एस. रावत तथा आलोक शाह द्वारा स्वयंसेवकों को संबोधित किया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता द्वारा लोक संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला गया। स्वयंसेवकों के मध्य कुमाऊँ की लोक संस्कृति विषय पर निवंध प्रतियोगिता कविता लेखन प्रतियोगिता तथा लोकगायन प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया।

### नोट


समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**-संपादक**

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

### दो दिवसीय जनपदीय प्रदर्शनी का आयोजन हुआ

**नैनीताल।** विज्ञान के माध्यम से समाज में योगदान देने के उद्देश्य से नैनीताल जिले की इंस्पायर अवार्ड की दो दिवसीय जनपदीय प्रदर्शनी 22 एवं 23 दिसंबर को पी एम श्री अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज हल्दूचौड़ में आयोजित की गई। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में इंस्पायर अवार्ड के जनपदीय नोडल अधिकारी एवं नैनीताल के जिला शिक्षा अधिकारी पुष्कर लाल टम्टा ने उत्कृष्ट बाल वैज्ञानिकों को पुरस्कृत किया। बता दें कि राज्य स्तर हेतु 11 बाल वैज्ञानिकों में क्रमश: दीप्ति मेहता, गौरव कुमार, आशीष कुमार, आदर्श न्योलिया, बबीता बिष्ट, कनिष्क सुयाल, तन्वी परिहार, मोहित कुमार, दक्ष तिवारी व हेमंत आर्या एवं हिमांशु नेगी का चयन किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय स्तर से आए पर्यवेक्षक अनंत गुप्ता समेत निर्णायक मंडल के रवीन्द्र तिवारी एवं संतोष कुमार के साथ ही प्रधानाचार्य गणपत सिंह सेंगर, जिला समन्वयक डॉ. हिमांशु पांडे सहित संचालन हेतु दीपा पांडे एवं डॉ. प्रीति मजगई सहित नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय बालक छात्रावास के मोती सिंह मेवाड़ी एवं पुष्पा नगरकोटी को सम्मानित किया गया।



# अभिमत



## विकास या विनाश

***विकास के नाम पर विनाश जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। नदियों का सीना चीर कर माफिया अवैध खनन कर रहे हैं। प्रदेश सरकार को राजस्व की हानि हो रही है। उत्तराखंड का अधिकांश भूभाग वन क्षेत्र है। लकड़ी माफिया अवैध रूप से पेड़ काटकर पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं। जंगल में वन्यजीवों के अवैध शिकार के मामले भी उजागर होते रहते हैं। वन्यजीवों की खाल, हाथी के दांत तथा अन्य अंगों की तस्करी की जाती है। सच यह है कि पर्वतीय क्षेत्र पिछड़ा नहीं है। उत्तराखंड को प्राकृतिक संपदा वरदान के रूप में मिली है।***

उत्तराखंड की नदियों से रेता, बजरी, पत्थर के खनन में अनियमितता के मामले मीडिया में सुर्खियां बनते रहते हैं। नियम के अनुसार खनन नहीं होने से दैवीय आपदा का सामना करना पड़ता है। बागेश्वर जिले में खड़िया खनन से गांवों में दरारें पड़ गई हैं। गांव के आर्थिक रूप से संपन्न लोग गांव छोड़कर हल्द्वानी तथा अन्य जगह बस गये हैं। गरीब परिवार खतरे के बीच रहने को मजबूर हैं। हाईकोर्ट ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए ग्रामीणों की समस्या जानने के लिए दो न्यायमित्र नियुक्त किये हैं। वन विभाग के अधिकारियों से जवाब तलब किया है। उच्च न्यायालय ने प्रशासन से रिपोर्ट मांगी है, जिसमें यह बताने को कहा है कि खनन कार्य में राज्य स्तरीय पर्यावरण सुरक्षा अथॉरिटी के नियमों का पालन किया जा रहा है या नहीं? खनन के साथ ही सड़क निर्माण के लिए विस्फोट और मशीनों से पहाड़ को तोड़ने से बारिश में भूस्खलन की समस्या गंभीर हो जाती है। मानसून के दौरान सैकड़ों सड़कों पर यातायात बाधित हो जाता है। इसी साल मानसून के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में अनेक लोगों की मौत हो गई थी। उत्तर प्रदेश से अलग उत्तराखंड राज्य का गठन इसलिए किया गया था कि पर्वतीय क्षेत्र पिछड़ा है और छोटा राज्य बनने पर विकास कार्यों को प्राथमिकता मिलेगी। विकास के नाम पर विनाश जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। नदियों का सीना चीर कर माफिया अवैध खनन कर रहे हैं। प्रदेश सरकार को राजस्व की हानि हो रही है। उत्तराखंड का अधिकांश भूभाग वन क्षेत्र है। लकड़ी माफिया अवैध रूप से पेड़ काटकर पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं। जंगल में वन्यजीवों के अवैध शिकार के मामले भी उजागर होते रहते हैं। वन्यजीवों की खाल, हाथी के दांत तथा अन्य अंगों की तस्करी की जाती है। सच यह है कि पर्वतीय क्षेत्र पिछड़ा नहीं है। उत्तराखंड को प्राकृतिक संपदा वरदान के रूप में मिली है। जंगल में विशाल वृक्षों के साथ ही अमूल्य जड़ी-बूटी हैं। पर्वतीय क्षेत्र में फलों के बाग हैं। नदियों में नियमानुसार खनन किया जाये तो बरसात के मौसम में बाढ़ जैसी समस्या का सामना नहीं करना पड़े। उत्तराखंड सरकार केन्द्र से ग्रीन बोनस की मांग कर रही है। तर्क दिया जा रहा है कि जंगल से पर्यावरण संरक्षण होता है, लेकिन पेड़ नहीं काटने की अनुमति से विकास कार्य बाधित होते हैं। इसका दूसरा पहलू यह है कि अवैध रूप से पेड़ काटकर जंगल में अतिक्रमण कर आवासीय कालोनियां विकसित हो रही हैं। जंगल का क्षेत्र सिमटता जा रहा है। जलवायु में परिवर्तन पर्वतीय राज्य में विनाश का संकेत है।

# जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के अध्यक्ष अरविंद सिंह ह्यांकी की अध्यक्षता में सोमवार को नैनीताल क्लब सभागार में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मानव विकास तथा सामाजिक विकास और पर्यावरणीय स्थिरता के अन्तर्गत मजबूत स्तम्भ, कमजोरी तथा अवसर आदि पर विस्तृत चर्चा की गयी।

मुख्य अतिथि अरविंद सिंह ह्यांकी ने जिले में विकास के लिए सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा नये विचार और प्रशासनिक कार्यों के साथ नैतिक जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।कहा कि विजिन फ्रे मवर्क के अन्तर्गत जिले में पर्यटन की अपार की संभावना है। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नए डेस्टिनेशन को खोजने की आवश्यकता है साथ इन स्थानों में पानी, बिजली व सडक़ आदि मूलभूत सुविधा देने की बात कही जिससे पर्यटन को बढ़ावा और स्थानीय लोगों को बेहतर रोजगार मिल सके।

उन्होंने ग्रामीण इलाकों में महिला सशक्तिकरण के लिए एसएसजी को विभिन्न जगहों में आउट लेट देने और समय समय पर शिविर का आयोजन करने को कहा। उन्होंने जमरानी बांध के लिए बेहतर प्लान और स्थानीय लोगों आजिविका के लिए तैयारी करने के निर्देश दिए। मानव विकास के अतंर्गत शिक्षा के क्षेत्र में स्कूलों को पीएम श्री विद्यालय योजना से विकसित करने बेहतर शिक्षा के लिए समय समय पर शिक्षकों की कार्यशाला और छात्र.छात्राओं के लिए कैरियर काउंसिलिंग कराने की बात कही, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि सेवायोजन के माध्यम से स्कूलों में कैरियर काउंसलिंगए जागरुकता अभियान आदि भी चलाया जा रहा है। मानव विकास के अंतर्गत उन्होंने ग्रामीण इलाकों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा, स्वास्थ्य सुरक्षा और आयुष्मान कार्डए स्वास्थ्य कार्ड के लिए जन जागरुकता अभियान चलाने के निर्देश दिए।

सामाजिक विकास के अंतर्गत उन्होंने बाल विकास, समाज कल्याण तथा महिला विकास और पुलिस प्रशासन से जिले की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। महिला सुरक्षा व बाल सुरक्षा के लिए समय समय पर कार्यशाला का आयोजन करने को कहा।

डीटीडीओ अतुल भंडारी ने टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए विरासत ड्राइव की जानकारी देते हुए जन शून्य भवनोंए पुराने भवनों को फिर से पारंपरिक शैली में विकसित करने की बात बताई। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर सर्वाधिक शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण विस्तारण के लिए थानाध्यक्ष बनभूलपुरा नीरज भाकुनी, जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी हरीश पंत, अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण खंड नवीन मिश्रा को प्रमाण पत्र के देकर सम्मानित किया गया,साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा बनाए गए नमस्ते नैनीताल तथा सोशल मीडिया पेज का उद्घाटन किया। कार्यक्रम का संचालन अपर सांख्यकी अधिकारी कमल मेहरा ने किया।

बैठक में जिलाधिकारी वंदना सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडे, डीडीओ गोपाल गिरी गोस्वामी, एपीडी चंद्रा फ र्त्याल, जिला पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी, जिला अर्थ सांख्यकी अधिकारी मुकेश नेगी समेत अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## कंपनी के स्टोर से माल चोरी कर ले जाते तीन लोगों को कर्मियों ने रंगे हाथ पकड़ लिया,पुलिस के सुपुर्द

**रुद्रपुर।** अशोका लीलेंड स्टोर में चोरी करके माल ले जा रहे तीन लोगों को कर्मचारियों ने रंगे हाथ पकड़ लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। आरोप है कि पकड़े गये आरोपी पूर्व में भी करीब 15 लाख रूपये का माल गायब कर चुके हैं। पुलिस के मुताबिक अशोका लीलेंड लि- स्टोर के बाहर कंपनी के कर्मचारी प्रियरंजन,किशन कुमार,शंकर चौहान और बलविंदर सिंह ने चैकिंग के दौरान सूरज पाल पुत्र ओमप्रकाश निवासी खेड़ा, सुमित कुमार पुत्र मदन लाल निवासी खेड़ा को कंपनी के सामान के साथ पकड़ लिया। ये दोनों ड्राईवर बलकार सिंह निवासी लखीमपुर खीरी के साथ मिलकर माल बाहर लेकर जा रहे थे। कंपनी के कर्मचारियों ने तीनों को पकड़कर थाना पंतनगर पुलिस के सुपुर्द किया। साथ ही बताया कि उक्त लोग पूर्व में भी करीब 15 लाख का माल गाड़ी वाले के साथ लिकर चोरी कर चुके हैं। पुलिस पूछताछ में बताया है कि चोरी किया गया माल मनोज चौहान और रवि उर्फ छोटू को बेचते हैं।

# जनपद में तैनात तीन निरीक्षक पुलिस उपाधीक्षक पद पर पदोन्नति,एसएसपी ने पदोन्नति की बधाई दी

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**



जनपद ऊधम सिंह नगर में नियुक्त निरीक्षक एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट प्रभारी जीतो कम्बोज, सीपीयू इंचार्ज राकेश बिष्ट,निरीक्षक प्रतिमा भट्ट को वरिष्ठता के आधार पर निरीक्षक से पुलिस उपाधीक्षक के पद पर पदोन्नति होने की आदेश जारी हो गये।


एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने पुलिस उपाधीक्षक के पद पर प्रमोशन पाने पर निरीक्षकों को उत्साहवर्धन करते हुए हार्दिक बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य एवं दीर्घायु की कामना की। बता दें कि वर्तमान समय में कांबोज एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट प्रभारी है। बिष्ट सीपीयू इंचार्ज और भट्ट भी जनपद में किसी पद पर कार्यरत हैं। इसके अलावा इंस्पेक्टर संजीव तिवारी वर्तमान समय में प्रभारी नेपाल डेस्क अधिसूचना मुख्यालय तैनात हैं और वह जनपद में इंस्पेक्टर एलआईयू पद पर तैनात रहे। दौलत राम वर्मा इस समय नैनीताल जनपद में तैनात हैं। इंस्पेक्टर तुषार बोरा इस समय सतर्कता विभाग मुख्यालय तैनात हैं। शासन से 28 निरीक्षकों के प्रमोशन की लिस्ट जारी हुई है। प्रमोशन की लिस्ट में सिविल पुलिस के निरीक्षकों के अलावा पीएसी,अधिसूचना विभाग के निरीक्षक शामिल हैं।


**घटना**

- सीपीयू इंचार्ज बिष्ट, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट प्रभारी कांबोज

# फिल्मी दुनिया

## अनिल कपूर के जन्मदिन पर फैंस को मिला तोहफा





*अभिनेता अनिल कपूर का आज 24 दिसंबर को जन्मदिन है। इस अवसर पर उनकी आगामी फिल्म की पहली झलक सामने आई है। अभिनेता अनिल कपूर के जन्मदिन के अवसर पर उनके प्रशंसकों को तोहफा मिला है। एक्टर की आगामी फिल्म सूबेदार का फर्स्ट लुक सामने आया है। यह एक्शन ड्रामा फिल्म है। अनिल कपूर के जन्मदिन पर यह तोहफा असल में प्राइम वीडियो ने दिया है। अनिल कपूर आज मंगलवार 24 दिसंबर को 68 वर्ष के हो गए हैं। प्राइम वीडियो ने इस खास अवसर को फैंस के लिए और खास बना दिया है। दरअसल, ओटीटी प्लेटफॉर्म ने फिल्म सूबेदार की पहली झलक जो साझा की है। एक्शन से भरपूर इस फिल्म में अनिल कपूर लीड रोल में हैं। उनके साथ राधिका मदान उनकी बेटी का किरदार अदा करेंगी। इस फिल्म का निर्देशन सुरेश त्रिवेणी ने किया है। प्राइम वीडियो ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से फर्स्ट लुक शेयर करते हुए लिखा है, एक खास दिन पर खास एलान होना तो बनता है। ओपनिंग इमेज फिल्म्स और अनिल कपूर फिल्म एंड कम्युनिकेशन नेटवर्क (चस्न्नष्टह्) ने साथ मिलकर फिल्म सूबेदार की पहली झलक पेश की है। यह फिल्म सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि ओटीटी पर रिलीज होगी। फिल्म का प्रीमियर प्राइम वीडियो पर होगा। फिलहाल रिलीज डेट सामने नहीं आई है।*

### बंदूक थामे नजर आए अनिल कपूर

*फिल्म सूबेदार में अनिल कपूर तेवर दिखाते नजर आएंगे। फर्स्ट लुक में वे हाथों में बंदूक थामे दिखे हैं। अभिनेता की ये फिल्म सूबेदार अर्जुन मौर्य की कहानी दिखाती है। हाल ही में उत्तर प्रदेश में फिल्म की आउटडोर शूटिंग पूरी हुई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अब इसका आखिरी शेड्यूल जनवरी में शुरू होगा। अनिल पिछली बार दिव्या खोसला कुमार के साथ फिल्म सवी-ए ब्लडी हाउसवाइफ में नजर आए थे।*

# मेस्टिक डामरीकरण से लोगों में उत्साह

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर में पहली मर्तबा चौराहों पर मेस्टिक डामरीकरण किया जा रहा है जिसे लेकर स्थानीय निवासियों में भी उत्साह है। सामान्य डामरीकरण की तुलना में मेस्टिक डामरीकरण की लागत तीन गुना अधिक आती है। लेकिन इसके परिणाम बहुत बेहतर होते हैं।

बता दें कि यह विशेष प्रकार का डामरीकरण बिना किसी तोड़.फोड़ के दस से पंद्रह साल तक टिकाऊ रहता है जो स्थानीय सडक़ों के लिए एक बड़ी राहत है।यह तकनीक शहर में ट्रैफिक की बढ़ती समस्या और खराब मौसम की स्थिति में सडक़ों को और अधिक मजबूत बनाती है। दूसरी ओर शहर के प्रमुख चौराहों पर चल रहे इस मेस्टिक डामरीकरण के बाद सडक़ें न केवल साफ और सुदृढ़ दिख रहीं हैं बल्कि दृश्य रूप से भी आकर्षक नजर आ रही हैं। इस नए बदलाव से न केवल यातायात व्यवस्था में सुधार होगाए बल्कि पर्यटकों के लिए भी शहर की सडक़ों का सौंदर्य बढ़ेगा। तल्लीताल गांधी चौक में मास्टिक डामरीकरण का काम पूरा होने के बाद लोनिवि की ओर से सोमवार को मॉल रोड जू समीप चौराहे पर लगभग 20 मीटर तक मास्टिक डामरीकरण किया गया। मामले में लोनिवि के सहायक अभियंता जीएस जनौटी ने बताया कि शहर के लगभग सात चौराहों पर चौड़ीकरण के बाद मेस्टिक डामरीकरण का काम किया जा रहा है। अच्छे परिणाम आने पर शहर के अन्य हिस्सों में भी यह डामरीकरण करने की योजना बनाई जाएगी।



## News कॉर्नर

### जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नैनीताल ।** वर्ल्ड मेडिटेशन डे के अवसर पर तल्लीताल पुलिस थाने के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोहरा द्वारा अटल उत्कृष्ट राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में छात्राओं को महिला संबंधी अपराधों एवं साइबर क्राइम एवं यातायात संबंधी मीटिंग में बच्चों एवं अध्यापकों में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के कक्षा 6 से 12 तक की छात्राओं ने प्रतिभाग किया एवं कॉलेज में मौजूद समस्त अध्यापिकाओं ने भी प्रतिभाग किया एवं योग टीचर मीनाक्षी जोशी द्वारा बच्चों को योग एवं मेडिटेशन संबंधी सुझाव देकर बच्चों में तनाव दूर करने के टिप्स दिए गए। कार्यक्रम में कालेज की प्रधानाचार्या समेत चीता कांस्टेबल अमित गहलोत आदि मौजूद रहे।

### फांसी गधेरे में लेपर्ड कैट का शव मिला



**नैनीताल।** तल्लीताल के ठंडी सड़क फांसी गधेरे में मंगलवार को लेपर्ड कैट का शव मिला। शव मिलने की जानकारी तत्काल स्थानीय व्यक्ति दयाल सिंह ने वन विभाग को दी। जिसके बाद मौके पर वन विभाग की टीम पहुंची। इस दौरान दयाल सिंह ने बताया कि प्रात 6:30 बजे वो ड्यूटी को आ रहें थे तभी उन्हें ठंडी सड़क की झाड़ियों में पूछ दिखी जिसे देखा तो लेपर्ड कैट का बच्चा मृत मिला जिसे उठाकर वो फांसी गधेरे ले लाये और तत्काल वन विभाग को सूचित किया है। वहीं वन विभाग से नारायण चंद्र ने बताया का लेपेर्ड कैट की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। मृत लेपर्ड के शव को कब्जे में लेकर जू पशु चिकित्सालय लाया गया है पोस्टमार्टम के बाद ही कारणों का पुष्टि की जाएगी।

# दो दिवसीय कीवी एवं उद्यमिता विकास पर हड्स ऑन प्रशिक्षण कार्यशाला

**नैनीताल/भीमताल**

**हमारे संवाददाता**

ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिट एवं उत्तराखण्ड जैव प्रौद्योगिकी पटवाडांगर के संयुक्त तत्वाधान से दो दिवसीय कीवी एवं उद्यमिता विकास पर हड्स ऑन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ परिषद के निदेशक डॉ.संजय कुमार सहित मुख्य अतिथि एसएसजे विश्वविद्यालय अल्मोड़ा के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट, अतिथि डॉ.एमके नौटियाल अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, डॉ.सुमित पुरोहित वैज्ञानिक एवं इंचार्ज यूसीबी पटवाडांगर एवं प्रगतिशील किसान




भवान सिंह कोरंगा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया।

इस दौरान परिषद के निदेशक डॉ. संजय कुमार ने किसानों को कीवी कृकिरण में आगे आने के लिए प्रेरित करते हुये कहा कि किसान यदि कीवी को खेती करता है, तो परिषद यथासम्भव योगदान देने के लिए तैयार है। उन्होंने उत्तराखण्ड के वातावरण को कीवी उत्पादन के लिये बेहतर बताया। वहीं मुख्य अतिथि प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट ने कहा कि प्रयोगशालाओं में किये जा रहे शोध कार्य का लाभ किसानों तक पहुंचने चाहिए। प्रो.बिष्ट ने बताया कि कीवी फल में बहुत से औषधीय गुण पाये जाते हैं व यह फल कई रोगों का निवारण करता है और उच्च रक्तचाप को नियंत्रित करता है एवं इस फल की मार्केटिंग की अति आवश्यकता है। उन्होंने सभा में उपस्थित किसानों व युवा वैज्ञानिकों से उद्यमी बनने व अपना स्टार्ट अप शुरू करने का आह्वान किया। उन्होंने उत्तराखण्ड की स्थानीय बद्री गाय के पौष्टिक दूध एवं इसके औषधीय गुणों व मौन पालन को बढ़ावा देने का आह्वान किया। डॉ. नौटियाल ने कीवी के उदगम एवं इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उत्तराखण्ड के किसान कीवी का उत्पादन करके पलायन जैसी समस्या से बच सकते हैं और कीवी उत्पादन को स्वरोजगार के रूप में अपना सकते हैं। प्रगतिशील किसान भवान सिंह कोरंगा ने कीवी उत्पादन के संबंध में किसानों से अपने अनुभव साझा किये। ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, भीमताल के 40 से अधिक छात्र-छात्राओं ने कीवी उत्पादन एवं उद्यमिता विकास कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त किया एवं विद्यार्थियों ने कार्यशाला में दी गई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। रात्रि में आयोजित रंगारंग कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं ने अत्यधिक उत्साह के साथ प्रतिभाग किया गया।

इस अवसर पर परिसर के विभागाध्यक्ष डॉ.दीपा नैनवाल , प्रोफेसर डॉ. आरएस रावत , डॉ. श्रुति बत्रा, डॉ. कमल रावत, डॉ. तरूण सक्सेना , डॉ. बलवन्त रावत ,डॉ. मणिन्द्र मोहन ,एमके राय, डॉ. नारायण सिंह बिष्ट, डॉ .एमके समेत अन्य लोग मौजूद रहें।

# थाना क्षेत्रों में पुलिस का ढाबा होटलों में चला संघन चैकिंग अभियान, भगदड़

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

एसएसपी मणिकांत मिश्रा के निर्देशन में जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम के लिए सभी थाना क्षेत्रों में विशेष चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में बिना हेलमेट,ट्रिपल राइडिंग और शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की गई। पुलिस ने ढाबा, रेस्टोरेंट और होटलों में भी संघन चैकिंग की। इस दौरान पुलिस को कई रेस्टोरेंट पर शराब पीते लोग मिले। पुलिस ने संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए चालान काटे।

पुलिस ने रात को बिना किसी कारण सड़क पर घूमते मिले संदिग्धों को रोक कर पूछताछ की। साथ ही हिदायत दी कि रात को सड़क पर घूमते मिले तो सलाखों के पीछे भेजे जाओगे। बता दें कि एसएसपी ने संबंधित थाना प्रभारी को निर्देश दिए कि सार्वजनिक स्थानों पर संघन चैकिंग अभियान चलाया जाए। शराब



पीकर वाहन चलाने वालों पर सख्ती से कार्रवाई की जाए। लापरवाही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसएसपी ने बताया कि चैकिंग अभियान के दौरान होटल, ढाबों, रेस्टोरेंट में चेकिंग की गई। शराब पीने और पिलाने वालों पर कार्रवाई की गई है।

**कार्रवाई**

- बिना हेलमेट,ट्रिपल राइडिंग,नशे में वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर हुई कार्रवाई
- संदिग्ध वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों को भी रोक कर की गई पूछताछ

# शिल्पकार सभा नैनीताल के तत्वावधान में राष्ट्रपति को भेजा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

शिल्पकार सभा नैनीताल के तत्वावधान में ज्ञापन एडीएम नैनीताल के माध्यम से राष्ट्रपति को प्रेषित किया गया जिसका विषय केंद्रीय गृहमंत्री द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर पर दिए गए आपत्तिजनक बयान का विरोध व्यक्त करना था। ज्ञापन शिल्पकार सभा के अध्यक्ष रमेश चंद्र आर्य के नेतृत्व में दिया गया। महामंत्री देवेंद्र प्रकाश भी उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि गृहमंत्री द्वारा दिया गया बयान संपूर्ण भारत के अनुसूचित जाति जनजाति एवं पिछड़े वर्गों के साथ घोर अन्याय है, आपत्तिजन है व दुर्भाग्यपूर्ण है जिससे करोड़ों-करोड़ों भारतीयों का भी अपमान हुआ है,कहा है कि हम सभी भारतीय अनुसूचित जाति जनजाति के व्यक्ति बयान की निंदा करते हैं तथा आशा करते हैं कि आगे हमारी और हमारी गरिमा का ध्यान रखा जाएगा। ज्ञापन देने वालों में रमेश चंद्र, राजेंद्र प्रसाद, राजेश लाल, रमेश चंद्रा ,राजेंद्र प्रसाद एडवोकेट तथा हरीश प्रसाद व श्री धानक आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



# खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने होटल और दुकानों में औचक निरीक्षण किया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर में क्रिसमस व तर्थी फर्स्ट तथा न्यू ईयर को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सोमवार को मल्लीताल क्षेत्र में विभिन्न जगह होटल और दुकानों में औचक निरीक्षण कर छापा मारा। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा की गई कार्रवाई से रेस्टोरेंट और होटल संचालकों में हडकंप मच गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय कुमार ने बताया क्रिसमस से पहले खाद्य सामग्री का निरीक्षण किया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा की टीम ने सोमवार को कई जगह होटल तथा रेस्टोरेंट और खाद्य सामग्री की दुकानों का निरीक्षण किया। जिसमे चार रेस्टोरेंट को नोटिस जारी किया गया। इस दौरान रेस्टोरेंट में एक्पायरी डेट सामग्री और गंदगी पायी गयी। जिनको नोटिस दिया गया है । खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय कुमार ने बताया की गाड़ी पडाव में कादिर अहमद बिना लाइसेंस के ड्राइ फ्रूट की दुकान चला रहे थे जिस पर चलानी कार्यवाही की गयी, इसके साथ ही अल्ताफ हैदराबादी बिरयानी में एक्पायरी सामग्री तथा गंदगी और कीड़े पाए गए जिसके लिए नोटिस जारी कर चलानी कार्यवाही की। शिखर साह का एक्पायरी सामग्री पाए जाने पर चलानी कार्यवाही की। मुक्तेश्वर बेकरी के पवन का लाइसेंस गलत होने और एक्पायरी सामग्री पाए जाने पर नोटिस जारी कर चलानी कार्यवाही की गयी। इस दौरान पटवारी प्रकाश सैनी तथा दिनेश मौजूद रहे।



### आचार संहिता लगते ही एक्टिव मोड नगर पालिका

**नैनीताल ।** सूबे में सोमवार को निकाय चुनाव की आचार संहिता लगते ही नैनीताल नगर पालिका भी एक्टिव मोड में आ गयी।

बता दें कि आचार संहिता लगते ही नगर पालिका नैनीताल ने शहर में लगे हुए राजनीतिक दलों के होर्डिंग तथा बैनर हटाए। इस दौरान कर निरीक्षक हिमांशु चंद्रा के नेतृत्व में चले विशेष अभियान में विक्की सिलेलान,विकास टांक, सनी तथा महेश तथा शिशपाल आदि मौजूद थे।

# बिजली की चोरी पर एक वर्ष कारावास व 2 लाख 9 हजार रुपये अर्थदंड

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

विशेष न्यायाधीश (विद्युत अधिनियम) सत्र न्यायाधीश नैनीताल सुबीर कुमार की अदालत ने बिजली की चोरी करने वाले ग्राम प्रधान को एक वर्ष के कठोर कारावास के साथ ही 2 लाख 9 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है ।

बता दें कि आरोपी प्रधान सोबन सिंह पुत्र प्रेम सिंह निवासी-ग्राम ललितपुर, हल्दुआ रामनगर (जिला नैनीताल) को धारा-135 विद्युत अधिनियम के अन्तर्गत दोषी माना गया है । मामले में जिला शासकीय अधिवक्ता (फ ौजदारी) नैनीताल सुशील कुमार शर्मा ने अभियोजन की ओर से पैरवी करते हुए कुल 4 गवाह कोर्ट में पेश कर ग्राम प्रधान पर लगे आरोपों को साबित कराया । अभियोजन पक्ष के अनुसार 14 फ रवरी 2023 को अवर अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड रामनगर राजेश सिंह ने ग्राम ललितपुर हल्दुआ रामनगर में सोबन सिंह के आवास पर लगे मीटर की जांच में पाया कि उनके घरेलू कनेक्शन के विद्युत मीटर से इनकमिंग केबल में कट लगाकर विद्युत चोरी की गई थी, उनके घर में एक गीजर एक किलोवाट तथा पानी का फिल्टर 240 वॉट, एक मोटर एक किलोवॉट तथा 5 एलईडी बल्ब 16 वॉट तथा दो पंखे 65.65 वॉट के विद्युत चोरी कर चलाये जा रहे थे और मौके पर पाया कि अभियुक्त द्वारा उक्त क्रम में विद्युत चोरी कर 2450 वॉट की विद्युत चोरी घरेलू तौर पर की जा रही थी, जिस केबल से विद्युत चोरी की जा रही थी उसकी लम्बाई 40 मीटर थी। लंबे समय से की जा रही विद्युत चोरी के आंकलन के आधार पर कोर्ट ने आरोपी को एक साल की सजा सुनाई है ।

# झिंगल बैल के साथ निकाली नगर में सेंटा क्लॉज की शोभा यात्रा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

क्रिसमस पर्व के चलते सोमवार को नगर में सेंटा क्लॉज की शोभा यात्रा की धूम रही। शेरवानी हिलटॉप इन की ओर से निकाली गई यात्रा में सैलानियों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। इस दौरान झिंगल बैल गीत के साथ नगर का वातावरण क्रिसमस में डूबा नजर आया।

मल्लीताल से दोपहर 11 बजे शोभा यात्रा का शुभारंभ हुआ। क्रिसमस गीतों के साथ यात्रा मालरोड पहुंची। मालरोड से तल्लीताल गांधी चौक से बाजार होते हुए वापस मल्लीताल को लौट गई। शोभा यात्रा में सेंटा क्लॉज ने बच्चों को खूब उपहार बाटे और चॉकलेट के साथ टॉफियां प्रदान की। जीएम सिद्धार्थ



शर्मा के नेतृत्व में शोभा यात्रा निकाली गई। उन्होंने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिहाज से इस तरह के धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन बेहद जरूरी है। होली, दीवाली समेत अनेक धार्मिक कार्यक्रमों के जरिए पर्यटकों को आकर्षित किया जाता है। जिसे भविष्य में भी जारी रखा जाएगा। शोभा यात्रा सफल बनाने में अर्शद अब्बासी, हर्षिता, कपिल सोनी, प्रबंधक जीवन बिष्ट, वित्त प्रबंधक एम एस अधिकारी, दीपक सिंह, शांता, बच्ची सिंह, दीवान सिंह, प्रणय सिंह, पान सिंह ने सहयोग दिया। बच्चे सिंह ने शांता क्लॉज की भूमिका निभाई।